**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding the salaries of Madrasa teacher under SPQEM Modernization scheme.

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं एक बहुत ही महत्पूर्ण मुद्दा यहां उठाने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं । भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित योजना एसपीक्यूईएम, एसपीईएमएम योजना के अंतर्गत मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक के मानदेय को लेकर मैं अपनी बात कहना चाहता हूं । अकेले उत्तर प्रदेश में करीब 25 हजार ऐसे शिक्षक हैं, जो मदरसे से जुड़े हुए हैं । उनका मानदेय कुल 6 हजार रुपये प्रति माह है और जो बीएड किए हुए हैं, उनका मानदेय 12 हजार रुपये प्रति माह है । इस्लामिक मदरसों में जो दूसरे विषय, अंग्रेजी, गणित, साइंस आदि की शिक्षा देते हैं, दुर्भाग्य से वर्ष 2016 से केन्द्र सरकार ने उनको उनका मानदेय नहीं दिया है । इसके चलते दर्जनों शिक्षकों की मृत्यु हो गई है । वे भुखमरी के कगार पर हैं ।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है कि उनकी समस्या का तुरन्त समाधान करें और सरकार उनको मानदेय दिलाने की कृपा करे ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी । माननीय सदस्य मुझे घंटी न बजानी पड़े । आप सभी एक-एक मिनट में अपनी बात कहें ।